Regarding need to confer Bharat Ratna on Shaheed Bhagat Singh-Laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) **:** मैं सरकार से ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने और इस धरती के महान वीर सपूत शहीद भगत सिंह जी को शहीद मानकर भारत रत्न देने की अपील करता हूँ । 23 वर्ष की आयु में शहीद भगत सिंह ने मुस्कुराते हुए देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी । उनके साहस ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव को हिला दिया और पीढ़ियों को स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया । इस दुनिया के अन्य किसी देश में एक राष्ट्रीय नायक को अपनी सही पहचान के लिए इतना लंबा इंतजार कभी नहीं करना पड़ा । उन्हें सम्मानित करना न केवल उनके बलिदान को श्रद्धांजलि होगी बल्कि एक गंभीर ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने का अवसर भी होगा । भगत सिंह जी सहित अनेक क्रांतिकारियों ने उनका साथ दिया और फ़ाँसी के फंदे को चूमा । मैं सरकार से अपील करता हूँ कि उन्हें भी शहीद का दर्जा दिया जाये । यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस गलती को सुधारें । अत: मैं सरकार से अपील करना चाहता हूँ कि वे शहीद भगत सिंह को शहीद मानकर भारत रत्न से सम्मानित करें ।

____

14.01 hrs